कार्यालय–सचिव, औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, मोहान रोड, लखनऊ

पत्रांक– 1299-1301 /औ0प्रा0शि0प0/वा0प0/2023–24 दिनांक– 01.05.2023

समस्त प्रधानाचार्य,
विभागीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थायें उ0प्र0।

विषयः–वार्षिक परीक्षा 2023 से सम्बन्धित प्रवेश शुल्क एवं सूची भेजने के अन्तिम तिथि 15.05.2023 तक बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।

कार्यालय पत्र सं0–1294–96/औ0प्रा0शि0प0/वा0प0/2023–24 दिनांक–17.04.2023 द्वारा वार्षिक परीक्षा 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की सूची विलम्बतम दिनांक–30.04 2023 तक एक्सेल पर अंग्रेजी के बड़े अक्षरो (Capital Letters) में टाइप कराकर स्पीड पोस्ट के माध्यम से परिषद कार्यालय को संलग्नक प्रारूप पर उपलब्ध कराने के साथ–साथ परिषद की मेल आईडी **itecuplko@gmail.com** पर भी अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिये गये थे। संस्था संचालको द्वारा उपरोक्त निर्धारित तिथि को बढ़ाये जाने हेतु लगातार अनुरोध किया जा रहा है

संस्था संचालकों द्वारा किये जा रहे अनुरोध पर सम्यक विचारोपरान्त वार्षिक परीक्षा 2023 से सम्बन्धित प्रवेश शुल्क एवं सूची भेजने के अन्तिम तिथि 15.05.2023 तक एतद् द्वारा बढ़ायी जाती है। भविष्य में अन्तिम तिथि बढ़ाने पर पुनः विचार नही किया जायेगा

अतः उपरोक्त वांछित सूचनायें दिनांक–15.05.2023 तक अनिवार्य रूप से परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त

(पी0के0मिश्रा)
सचिव

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार–

प्रतिलिपि–निम्न की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, समाज कल्याण उ0प्र0, लखनऊ
2. योजनाधिकारी/नोडल अधिकारी (परीक्षा) निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ

सचिव